NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





**23वां रोजा**

शिया
सहरी : 04:35 बजे
इफ्तार : 06:24 बजे

सुन्नी
सहरी : 04:21 बजे
इफ्तार : 06:35 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# खुशनुमा था माहौल, बस पलटने से मची बच्चों की चीख-पुकार

## बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पलटी बस कई मीटर तक घिसटती चली गयी, कोई बच्चा बस की छत से लड़कर घायल हुआ तो कोई सीट के नीचे फंसा

**बस हादसा**

कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार :** बच्चों की बस जब लखनऊ से बाराबंकी वापस आ रही थी, उस समय माहौल काफी खुशनुमा था। बच्चे एक दूसरे को अपना अनुभव बताकर हंसी ठहाका लगा रहे थे। कोई चिड़ियाघर के शेर की दहाड़ सुनाकर खुश था तो कोई ट्रेन के किस्से सुनाकर नहीं थक रहा था। इसी बीच बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस पलट गयी और कई मीटर तक घिसटती चली गयी। बस के अंदर का खुशनुमा माहौल बच्चों की चीख-पुकार में तब्दील हो गया था। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस पलटने और कई मीटर तक घिसटती चले जाने के कारण कोई बच्चा बस की छत पर लड़कर घायल हुआ तो कोई सीट के नीचे जाकर फंस गया। शिक्षकों की आंखों के सामने भी अंधेरा छा गया था। घिसटते हुए बस हादसा स्थल से काफी दूर जाकर रुकी। हादसा होते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। सभी लोग बच्चों को बस से बाहर निकालने के प्रयास में जुट गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के साथ राहत कार्य शुरू किया। बस में कुल 50 लोग सवार थे।

> घटना में मृत बच्चों के परिजनों के साथ सरकार की पूरी शोक संवेदना है। घायलों के अच्छे इलाज के निर्देश दे दिये गये हैं। पीड़ित परिवारों के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी।
> –सतीशचंद्र शर्मा, राज्यमंत्री

### डीएम के पहुंचने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे सीएमओ

घायल बच्चों के जिला अस्पताल लाये जाने पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह वहां पहुंच गए। बताया जाता है कि डीएम और एसपी के पहुंचने के करीब 20 मिनट बाद मुख्य चिकित्साधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। बताते हैं कि जिलाधिकारी द्वारा फोन करने पर वह जिला अस्पताल पहुंचे।



घायल बच्चों का हाल लेने जिला अस्पताल पहुंचे डीएम। अमृत विचार



जिला अस्पताल में बच्चों से घटना के बारे में जानकारी लेते एसपी। अमृत विचार

### क्या पता था वापस नहीं आएंगे हमारे लाल

शैक्षिक भ्रमण पर गये चार नौनिहालों की मौत की खबर जब उनके गांव पहुंची तो मातमी सन्नाटा पसर गया। गांव के तमाम लोग अपने-अपने खेतों में थे। सूचना मिलते ही सभी अवाक रह गये। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बताया कि अभी कुछ देर पहले ही मास्टर साहब ने बच्चे से बात करवाई थी। सभी बहुत खुश थे और वह घर आकर अपने दिनभर की मौज मस्ती बताने की बात कह रहे थे। लेकिन फोन रखने के कुछ समय बाद मौत की खबर आई। खबर सुनकर हमारा मानो हमारा कलेजा फट गया हो। परिजनों का कहना था कि अगर उन्हें जरा भी अंदाजा होता तो वह अपने बच्चों को कतई न भेजते। कहा कि क्या पता था कि हमारे लाल वापस नहीं आएंगे।

### रात में ही कराया गया शवों का पोस्टमार्टम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हादसे के शिकार हुए बच्चों के शवों का परिजनों की मौजूदगी में रात में ही पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान वहां मौजूद परिवारवाले बिलखते रहे। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### खाकी ने संभाला मोर्चा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया। स्वास्थ्यकर्मी से कहीं ज्यादा पुलिसकर्मी बचाव कार्य में दिखे। फिर वह चाहे एंबुलेंस से घायलों को निकालने के लिए स्ट्रेचर लाना हो या बच्चों को संभालना। घटना के बाद जिला अस्पताल में मेले जैसी भीड़ दिखी।

### हादसे में इनकी गयी जान

1. मानसी (12) पुत्री विनोद कुमार राजपूत, निवासी ग्राम पर्वतपुर।
2. शुभी (12) पुत्री राजकुमार, कक्षा छह की छात्रा, निवासी ग्राम पर्वतपुर।
3. कामिनी देवी (17) पुत्री जगत नारायण वर्मा, कक्षा आठ की छात्रा, निवासी ग्राम मदरहा।
4. सूफियान (38) कंडक्टर, असंद्रा के सिद्धौर निवासी।

### तीन लखनऊ रेफर

प्रदीप (25) बाइक चालक, निवासी थाना जहांगीराबाद व दो बच्चे।

- तीन बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जो खतरे से बाहर हैं।
- 25 बच्चों को सीएचसी देवा में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

### सोशल मीडिया पर शोक संवेदनाओं की लहर

सोशल मीडिया पर शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा। लोग मृत बच्चों के परिवारवालों के प्रति शोक संवेदना जता रहे थे।

**एक नजर**

### सुदामा निर्धन थे, दरिद्र नहीं : मुरली मनोहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बल्लूपुर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने महाराज परीक्षित व सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय के 24 गुरुओं और राजा परीक्षित के मुक्ति के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि मित्रता हो तो सुदामा कृष्ण जैसी। सुदामा निर्धन थे, दरिद्र नहीं क्योंकि दरिद्र वह होता है जिसके मन में संतोष न होजबकि सुदामा तो परम संतोषी थे। इस मौके पर मुख्य यजमान अनिल कुमार तिवारी, पं. सिद्धनाथ तिवारी, ओमप्रकाश अवस्थी, धर्मेंद्र मिश्रा, अभिषेक, भूपेंद्र, सुनील राजेश, रवि आदि मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ दबोचा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत जेठबनी गांव के मोड़ पर मंगलवार की भोर में गश्त के दौरान एक युवक को देसी तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। कोतवाली प्रभारी ओपी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गश्त के दौरान एक व्यक्ति पुलिस के वाहन को देखकर भागने लगा तो शक होने पर उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। उसकी तालाशी ली गई तो उसके पास से देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान नियामत अली निवासी औसन पुरवा थाना रामसनेहीघाट के रूप में हुई।

# अविश्वास प्रस्ताव: बीडीसी ने डाले वोट, मतगणना पर रोक

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** भाजपा ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान हुआ। एडीएम व एसडीएम की निगरानी में 87 बीडीसी सदस्यों ने मतदान किया। ब्लॉक प्रमुखी का मामला कोर्ट में होने से मतगणना नहीं कराई गई। कोर्ट का आदेश मिलने पर मतगणना होगी। मतदान को लेकर ब्लॉक क्षेत्र छावनी में तब्दील रहा।

भाजपा ब्लॉक प्रमुख के रामू गुप्ता के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की ओर से जांच के बाद अविश्वास प्रस्ताव की बैठक के लिए दो अप्रैल की तारीख प्रस्तावित की गई थी। मंगलवार को ब्लॉक प्रांगण में अविश्वास प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई एडीएम व ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट फतेहपुर की देखरेख में शुरू हुई। यहां कुल 114 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। इनमें से 87 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में चर्चा के बाद मतदान कराया गया। इसमें 87 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया। अग्रिम आदेशों तक मतगणना पर हाईकोर्ट की ओर से रोक लगी होने से मतगणना नहीं कराई गई। इस दौरान गहमागहमी का माहौल रहा।

# मुख्तार मामले में बांदा के जेल अधिकारी तलब

**सख्ती**

- बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूछा- ज्यूडिशियल कस्टडी में कैसे हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बांदा जेल के अधिकारी को तलब कर किया है। अब जेल अधिकारी कोर्ट को यह बताएंगे कि ज्यूडिशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई।



दरअसल, मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन की ओर से बाराबंकी की कोर्ट में वाद दाखिल करने को लेकर अपील की गई थी। जिस पर सरकार बनाम डॉ. अलका राय चर्चित फर्जी एंबुलेंस की पेशी के दौरान मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह ने कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत की वजह जानने के लिए जेल अधिकारियों को तलब करने की मांग की। जिस पर बाराबंकी एमपी-एमएलए कोर्ट एसीजेएम-19 विपिन यादव ने मुख्तार की मृत्यु की खबर देने वाले बांदा जेल अधिकारी को 6 अप्रैल को तलब किया है। जिसमें वह बताएंगे कि न्यायिक अभिरक्षा में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई। मुख्तार के वकील रणधीर सिंह ने बीते शुक्रवार को गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट में जज कमलकांत श्रीवास्तव के सामने प्रार्थना पत्र दिया था कि मौत की वजह जानने के लिए जरूरी है कि बांदा जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिए जाएं। बांदा जेल में निरीक्षण के नाम पर आने वाले सभी अधिकारियों की एंट्री और कैमरे में आए उनके फोटो को भी सुरक्षित किए जाने की जरूरत है। वकील रणधीर के मुताबिक जज के सामने दिए गए प्रार्थना पत्र को मृत्युकालीन कथन मान कर मुकदमा दर्ज करने की अर्जी दी गई थी जिस पर जज ने फैसले को रिजर्व करते हुए अगली तारीख 4 अप्रैल लगाई है।

**सार-संक्षेप**

### ट्रक-डीसीएम में भिड़ंत से लगी आग, एक की मौत



ट्रक से भिड़ंत के बाद डीसीएम में लगी आग। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली क्षेत्र के किसान पथ पर सोमवार देर रात जबरीकला गांव के पास गन्ना लदे ट्रक और डीसीएम की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि देखते-ही-देखते दोनों वाहन आग का गोला बन गए। चालक और परिचालक भी वाहनों के नीचे दब गए। रात करीब 12:30 बजे पलटी डीसीएम के नीचे से एक शव निकाला गया। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंचीं। हादसे के कारण हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग बुझाकर रात करीब एक बजे पुलिस यातायात बहाल कराया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### नहाते समय गोमती नदी में डूबा किशोर

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना लोनी कटरा क्षेत्र के ग्राम भीतरी निवासी सलमान (14) पुत्र रईस मंगलवार को गोमती नदी में नहाते समय डूब गया। सूचना के लगभग तीन घंटे बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से किशोर की तलाश करती रही। गोताखोरों की टीम नहीं बुलाई गई थी। मौके पर दो पुलिसकर्मी पहुंचने के बावजूद अपराह्न 2 बजे तक थानाध्यक्ष लोनी कटरा बताते रहे कि उन्हें घटना की सूचना ही नहीं है।


### महंत ने शुरू किया अनशन

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भावनियापुर मठ के महंत मुकुंदपुरी एक बार फिर मामले का निस्तारण न होने पर अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने बताया कि जब तक मठ की चौहद्दी की घेराबंदी नहीं कराई जाती, वे यहां से हटेंगे नहीं। इससे पूर्व भी महंत मुकुंदपुरी धरना भी दे चुके हैं। तब प्रशासन ने जल्द ही मामले को निस्तारित करने का आश्वासन दिया था लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अन्य घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के दांदूपुर गांव निवासी परशुराम चौरसिया मंगलवार सुबह घर से खेत जा रहे थे। अभी वह गांव के बाहर मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आई एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से परशुराम (59) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक चालक पूरे दुनिया मजरे लकड़िया गांव निवासी शिवप्रसाद उर्फ घुटई भी घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां परशुराम की मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली बाराबंकी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

### जीवन काल में रिटायर्ड नहीं होता शिक्षक



विदाई समारोह के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य व स्टॉफ के सदस्य। अमृत विचार

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। विद्यालय से रिटायर होने के बाद भी घर-परिवार व समाज में रहकर बखूबी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करता है। ये बातें यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कमलेश सिंह ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश सिंह के विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में कहीं। यूनियन इंटर कॉलेज में 2016 से प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहे शिक्षक दिनेश कुमार सिंह 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए जिनका विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम मंगलवार को यूनियन इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। समाजसेवी शीतला बक्श सिंह ने कहा कि अध्यापक वैचारिक रूप से जीवनभर समाज के शैक्षणिक विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। इस दौरान पूर्व शिक्षक प्रेमचंद, संतराम व शिक्षिका संध्या श्रीवास्तव, शिक्षक सुधाकर, आशीष, हरिओम, शिवेश, अनमोल, रूपेश, संदीप सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजरानी की रिकॉर्ड मतों से जीत के प्रयास में समर्थक

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार अभियान तेजी पकड़ता जा रहा है। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत की जीत रिकॉर्ड मतों से हो, इसके लिए क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा समर्थकों के साथ घर-घर जाकर सहयोग मांग रहे हैं।

2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता राजरानी रावत को विधायक बना चुकी है। बाद में इस विधानसभा का नाम परिवर्तित कर कुर्सी रख दिया गया और सुरक्षित की जगह यह सामान्य सीट हो गई। राजरानी रावत निन्दूरा ब्लॉक के उधापुर गांव की रहने वाली हैं और इसी ब्लॉक के सैन्दर गांव में उनकी ससुराल है। इस कारण क्षेत्रीय जनता से उनका लगाव है। उधर, इस विधानसभा क्षेत्र में उनकी जीत अधिकतम मतों से हो, इसके लिए क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा समर्थकों के साथ गांव-गांव जाकर उनके पक्ष में सहयोग की अपील कर रहे हैं। बीते जिला पंचायत चुनाव में निन्दूरा ब्लॉक से राजरानी रावत ने जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में जीत दर्ज की थी। यह दूसरी बार है कि फतेहपुर तहसील क्षेत्र की ही निवासी राजरानी को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया है। प्रतिद्वंद्वी के रूप में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया हैं।

# 5 छप्परों में आग से सिलेंडर फटा, दो झुलसे

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के जबदी गांव में मंगलवार की दोपहर एक छप्पर में आग लग गई। तेज हवा चलने से आग की लपटों ने पास स्थित छप्परनुमा चार और घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से एक घर में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे आग बुझा रहे दो लोग गंभीर रूप से झुलस गये। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

दोपहर को मोल्हे के छप्परनुमा घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस के श्यामू व अनिल, अर्जुन, पुष्पा देवी पत्नी रामू के छप्परनुमा घरों को भी चपेट में ले लिया। आग लगने से एक घर में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इससे आग बुझा रहे गांव के ही पुतान (50) और गुरु प्रसाद (60) गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आग लगने की घटना में घरों में रखी करीब 30 हजार की नकदी व गृहस्थी का अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना में लगभग 5 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। सूचना पर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है।



आग से जले छप्पर व मौजूद लोग। अमृत विचार

### प्रबंधक पुत्र ने प्रधानाचार्य को पीटा, केस दर्ज

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** सर्वोदय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज कॉलेज प्रबंध समिति के विवाद की रंजिश में प्रधानाचार्य को प्रबंधक के पुत्र ने पीट दिया। कोठी पुलिस ने प्रबंधक पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के नयापुरवा मजरे सेठमऊ गांव निवासी नौमीलाल रावत ने बताया कि वह कोठी थाना क्षेत्र के भानमऊ चौराहा स्थित निजी कॉलेज सर्वोदय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं। कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक क्षेत्र के समोसराय मजरे आदमपुर भटपुरवा गांव निवासी रामशरन वर्मा का ऑडिटर मनोज रावत से विवाद है। वह 30 मार्च को किशोरीलाल यादव की भांजी की शादी की बात करने मोनू यादव के घर गए थे। लौटते समय प्रबंधक पुत्र विमलेश वर्मा ने अपने साथी सोनू वर्मा व निखिल के साथ मिलकर उन्हें लाठी-डंडों से पीटा। इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह ने तीनों पर केस दर्ज किया है।

# कांग्रेस नहीं करती झूठ की राजनीति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने मंगलवार को विकासखंड फतेहपुर की न्याय पंचायत हसनपुर टांडा, ररिया, साढ़ेमऊ, खपुरवाखानपुर में जनसंपर्क किया। इस दौरान आयोजित चौपालों में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की गारंटी ही गारंटी है, भाजपा की गारंटी झूठी है। कांग्रेस झूठ की राजनीति नहीं करती। 10 वर्षों की यूपीए सरकार में कांग्रेस ने देश के अन्नदाताओं का 72 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया था।



लोगों को संबोधित करते तनुज पुनिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की अवाम को भोजन, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा सूचना का अधिकार देकर जनता को मजबूती दी लेकिन भाजपा ने अपने 10 वर्षों की सरकार में देश के अन्नदाता को आत्महत्या, नौजवान को बेरोजगारी, महिलाओं में असुरक्षा, जनता को महंगाई का जो तोहफा दिया है, उसका पूरा हिसाब जनता वोट की चोट से देगी। हम नौजवान, किसान, अवाम की समस्याओं के खिलाफ संसद में बुलंद आवाज उठाने, देश की खुशहाली को इंडिया गठबंधन के लिए सहयोग मांगने आए हैं। तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस जनता से झूठा वादा नहीं करती। विश्वास दिलाते हैं कि आपके सहयोग से जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, वैसे ही 30 लाख सरकारी नौकरियां जिनके पद खाली हैं, तत्काल भर्ती की जाएगी। प्रत्येक डिग्री धारक शिक्षित युवा को एक लाख रुपये सालाना देने का काम, पेपर लीक होने को पूरी तरह रोकने के साथ नौजवानों के लिए 5 हजार करोड़ रुपये के फंड से उन्हें उद्यमी बनाने का काम इंडिया गठबंधन सरकार करेगी। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। हर गरीब परिवार की महिला को एक लाख रुपये सालाना दिए जाने का काम भी इंडिया गठबंधन की सरकार करेगी।

# लूटी रकम देश को लौटाना मोदी की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य और लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यालय उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्रीय प्रभारी ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन देश के भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटा है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन पर नकेल कसते हुए देश से भ्रष्टाचार हटाओ की मुहिम छेड़े हुए हैं। सभी भ्रष्टाचारियों को देश की लूटी हुई रकम की पाई-पाई लौटानी होगी, यह मोदी की गारंटी है।




पत्रकारों से बात करते क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय। अमृत विचार

संजय राय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपी में पार्टी शून्य हो गई है। रायबरेली से सोनिया गांधी का पलायन कांग्रेस की जमीनी हकीकत बयां करती है। इंडिया गठबंधन की बात करने वाले कांग्रेसी आकाश से लेकर पाताल तक और आजादी से लेकर आज तक घोटालों में लिप्त रहे हैं। पीएम मोदी के लिए 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और वह अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश की जनता लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों को करारा जवाब देगी। मंच का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई ने किया।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.23 बजे
इफ्तार : 6.37 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.29 बजे
इफ्तार : 6.28 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# आजम से रामपुर जिलाध्यक्ष की डेढ़ घंटे गुफ्तगू, चुनाव पर बनी रणनीति

**अपील**
- सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर सहित हरदोई से सन्देश लेकर आये आजम के साढ़ू और साली ने की मुलाकात
- अखिलेश के चुनाव न लड़ने पर आजम ने बहिष्कार का लिखा था पत्र

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से मंगलवार को जेल में रामपुर सपा जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की हलचल को बढ़ा दिया है। आजम खां के पत्र को जारी करने के बाद रामपुर के जिलाध्यक्ष की आजम से यह दूसरी मुलाकात है। मुलाकात के दौरान हरदोई जेल से आजम के बेटे का सन्देश लेकर आये आजम खां के साढ़ू और साली ने मुलाकात की है। सपा जिलाध्यक्ष और आजम के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई है। चुनाव के बीच सपा नेताओं के बीच यह चर्चा रामपुर व मुरादाबाद सीट को लेकर अहम मानी जा रही है।

बताते चलें कि सपा नेता आजम खां रामपुर जेल से 22 अक्टूबर को सीतापुर जेल में शिफ्ट किये गये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट से आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई गई थी। आजम से जेल में मुलाकातों में अब विराम लग चुका है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जेल में आजम से रामपुर की सीट को लेकर गहन चर्चा की थी। मंगलवार की सुबह रामपुर से सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर सहित हरदोई जेल से बेटे अब्दुल्ला से मिलकर आये आजम से साढ़ू जियाउलरहमान और साली ने सुबह 12 बजे ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आजम से जेल में मुलाकात की। जेल में मुलाकात के दौरान सपा जिलाध्यक्ष आजम के लिए खजूर सहित अन्य खाने पीने की चीजें लेकर पहुंचे थे। डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात के दौरान जेल सूत्रों की मानें तो रामपुर और मुरादाबाद सीट को लेकर भी आजम और सपा जिलाध्यक्ष के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। जेल से मुलाकात के बाद बाहर आये सपा जिलाध्यक्ष सहित साढ़ू और साली ने मीडिया से बचते हुए गाड़ी में बैठकर वापस रवाना हो गये।



आजम खां से मुलाकात कर बाहर आते सपा मुखिया अखिलेश यादव (फाइल फोटो)।

### जिलाध्यक्ष से मुलाकात, क्या बनी बात

जेल में आजम से अखिलेश यादव की मुलाकात के दौरान आजम ने अपने गढ़ को बचाने के लिए रामपुर से अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की राय दी थी। बावजूद इसके अखिलेश यादव ने रामपुर से चुनाव न लड़ने पर आजम खां की तरफ से सपा जिलाध्यक्ष ने पत्र जारी कर रामपुर सीट से चुनाव का बायकॉट (बहिष्कार) करने की घोषणा की थी। आजम के लेटर के बाद अप्रैल माह के पहले दिन ही रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात रामपुर की सीट को लेकर अहम मानी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सपा हाईकमान के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ने जेल पहुंचकर आजम से चुनाव बहिष्कार को खारिज करने पर मनाने का काम किया है।

### 5 माह से अधिक समय से बंद हैं आजम

रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा सुनाये जाने के बाद आजम, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा सहित बेटे अब्दुल्ला को रामपुर जेल शिफ्ट कर दिया। सुरक्षा कारणों के बाद सीतापुर जेल में 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर से आजम को शिफ्ट कर दिया गया था। इसके साथ ही अब्दुल्ला को हरदोई और पत्नी तंजीम को रामपुर जेल में रखा गया है। सीतापुर जेल में आजम करीब 5 माह से अधिक समय से जेल में रहकर सजा काट रहे हैं। इस दौरान राजनीतिक हलचल को बढ़ाने का प्रयास करने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बिना मुलाकात के वापस लौटना पड़ा था। ज्ञातव्य है कि आजम पिछले पांच माह से सीतापुर जेल में बंद हैं।

## एक नजर

### चोरों ने घर से उड़ाया लाखों का सामान

**थानगांव।** क्योटाना निवासी देबीशरन पुत्र अज्ञात के अनुसार सोमवार की रात्रि परिवार के लोग दरवाजे व महिलाएं घर की छत पर सोईं हुई थी। इसी बीच रात्रि के किसी पहर में बेखौफ चोर किसी तरह घर के पीछे से आकर चोरी करने में कामयाब हो गए। उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस को तहरीर दे दी है।

### आग से जली ग्रामीण की गृहस्थी, बाल-बाल बचे परिजन

**थानगांव।** ग्राम दायमपुरवा निवासी लल्लू पुत्र छोटेलाल परिवार के साथ छप्पर के नीचे सो रहा था। सोमवार देर रात करीब 11 बजे अचानक छप्पर पर आग की लपटें देख लल्लू ने अंदर सो रहे परिजनों को बाहर निकाला। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों मौके आये और पम्पिंग सेट के द्वारा जब तक आग पर काबू पाया। परिजनों के मुताबिक इस आग में घर में रखे चार हजार दो सौ रुपये की नकदी, चार फूस के छप्पर, साइकिल, कपड़ा, बर्तन, अनाज सहित लगभग 50 हजार का गृहस्थी जलकर राख हो गयी। लेखपाल अमित सिंह गौड़ ने बताया कि आगजनी में नुकसान हुई गृहस्थी का आकलन कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।

### रुट मार्च कर की संवेदनशील इलाकों की निगरानी

**हरगांव।** चुनाव और त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए मंगलवार को हरगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में रूट मार्च किया। क्राइम इंस्पेक्टर रामसागर यादव, उपनिरीक्षक योगेश कुमार शंखधर के नेतृत्व मे मंगलवार को क्षेत्र के दर्जनों गांवों रीछिन, कैम्बा, अयोध्या सिंह पुरवा, सरांवा, अंगेठा, शेरपुर, राजेपुर, मेवारामनगर, मुद्रासन, सलारपुर, कटेसर, कटियारा, बिशनूपुर मगरुआ, उदनापुर, कोरैय्या, बरियाडीह में पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। रुट मार्च के दौरान पुलिस ने आम जनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पैदल मार्च किया।

### मतदान करने के लिए लोगों को किया जागरूक

**लहरपुर।** कोतवाली पुलिस टीम ने क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों व गांवों का निरीक्षण कर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्र गणेशपुर नेवादा, सुलतानपुर हरिप्रसाद, जगमालपुर व बेलवा, डिगुरा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया एवं मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को शांतिपूर्वक ढंग से मतदान में भाग लेने, क्षेत्र में शांत व्यवस्था बनाए रखने एवं मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि उक्त संवेदनशील गांवों में ग्रामीणों की बैठक कर उन्हें मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया गया।

# गाड़ियों की कमी को जल्द पूरा किया जाए : डीएम

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट की ली जानकारी

**तैयारी**
- रैंडमाइजेशन की निरंतर वीडियोग्राफी कराने के निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही एवं तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी से ड्यूटी पर लगाये गये सेक्टर मजिस्ट्रेट की आवागमन की सूचना प्राप्त की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर गाड़ियों की कमी है, उसको जल्द ही पूरा किया जाये। साथ ही बसों के रूटचार्ट को समन्वय स्थापित करते हुये तैयार किया जाये। पार्किंग में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है उसको भी चेक किया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि गाड़ियों में जीपीएस जो भी लगाये, उससे समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्यों को पूर्ण किया जाये। सभी वाहनों की लॉकबुक सही ढंग से भरी जाये ताकि भुगतान में किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि पार्किंग का लेआउट तैयार कर बसों को वैसे ही लगाया जाये। उन्होंने कहा कि जितने भी सरकारी गेस्ट हाउस हैं, उसको सही करा लिया जाये और यदि गेस्ट हाउस में केयर टेकर का परिवार रहता है तो उसके लिये आवागमन हेतु दूसरा रास्ता तैयार किया जाये ताकि गेस्ट हाउस में ठहरने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जब भी रैण्डमाइजेशन हो तो उसकी निरन्तर वीडियोग्राफी की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी पत्राचार करना है, वह समय रहते पूर्ण किया जाये।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी बूथों पर दिव्यांगों हेतु ट्राइसाईकिल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये ताकि दिव्यांगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा.प्रवीन रंजन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर निरन्तर निगरानी रखी जा रही है। उक्त के दृष्टि से सभी ग्रुप एडमिन को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये हैं कि यदि किसी भी गु्रप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से सम्बंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सम्बंधित एडमिन के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। किसी भी ग्रुप पर नियमों के उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित नहीं होनी चाहिए। सभी को सलाह दी जाती है कि वे या तो ग्रुप के सदस्यों को नियमों की जानकारी दें, अन्यथा अपने ग्रुप को केवल एडमिन पर कर लें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है और नियम उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सीधे एडमिन पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होगा। उक्त निर्देश वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (एक्स) और टेलीग्राम आदि समस्त सोशल मीडिया अकाउंट पर समान रुप से लागू होगें। विशेषकर वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क किया जाता है कि वे आदर्श आचार संहिता का स्वयं पालन करें और ग्रुप के सदस्यों से भी करवायें। इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय सभी ग्रुपों पर पुलिस कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जा रही है। सभी ग्रुप एडमिन का नाम, पता और मोबाइल नंबर सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम चैबीस घंटे इंटरनेट मीडिया पर नजर रख रही है।

## सार-संक्षेप

### डॉ. आंबेडकर की जयंती मनायेंगे ई-रिक्शा चालक



ईदगाह के पास एकत्र हुये ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** ईदगाह स्थल पर सेवा ई-रिक्शा यूनियन की बैठक संगठन के महामंत्री अजीत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंगलवार को क्षेत्र के ईदगाह स्थल पर सेवा ई रिक्शा यूनियन के महामंत्री अजीत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ई-रिक्शा चालकों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक की रिक्शा चालकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में रिक्शा चालकों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और क्षेत्र में ई-रिक्शा चलाते समय होने वाली समस्याओं के विषय पर भी चर्चा की गई। सेवा ई-रिक्शा यूनियन के महामंत्री अजीत कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने यह भी बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक यात्रा भी निकाली जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष नुरुल हक, असद बेग, बुनियाद हुसैन, शादाब सिद्दीकी, तौहीद खां, आमिर खां, डब्ल्यू गुप्ता सहित काफी संख्या में रिक्शा चालक मौजूद रहे।

### शाइस्ता ने नवोदय प्रवेश परीक्षा पास कर नाम किया रोशन

**बिसवां।** नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 के लिए हुए एडमिशन परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा के माध्यम से बिसवां के मोहल्ला महाराजागंज निवासी समाजसेवी डॉ. शकील हनफी की पुत्री शाइस्ता शकील ने परीक्षा उत्तीर्ण कर जवाहर नवोदय विद्यालय में अपना प्रवेश सुनिश्चित कर अपने स्कूल समेत कस्बे का नाम रोशन किया है। शाइस्ता के पिता डा. शकील हनफी ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से शाइस्ता को कक्षा 6 में प्रवेश मिलेगा। इनके प्रवेश पर शमीम कौसर सिद्दीकी, नैयर शकेब, अशोक पुष्प एडवोकेट, आदर्श श्रीवास्तव, एजाज अली एडवोकेट, शुएब, बिलाल खान, अय्यूब खान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



### रोजा इफ्तार के आयोजनों से बढ़ता है आपसी मेल मिलाप



रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

**बिसवां।** सामाजिक संस्था वर्क ने रोजा इफ्तार का आयोजन कराया। कस्बे के मोहल्ला शेख सरायं में सामाजिक संस्था वर्क के तहसील प्रभारी एजाज अली व उनके भाइयों ने रोजा इफ्तार का आयोजन उनके निवास पर किया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोगो ने शिरकत की। इस अवसर पर एजाज एली ने बताया कि रोजेदारों को इफ्तार कराना एक पुनीत कार्य हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी मेल मिलाप बढ़ता है इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क में अमन व चैन की दुआ मांगी द्य इस अवसर पर एजाज अली, मुमताज अली, महमूद अली, मंसूर अली, मकसूद अली, साहिबे आलम, सईद अहमद, मो0 आकिब, महबूब अली, सय्यद हुसैन कादरी, आशीष गुप्ता, नईम अंसारी राजन मिश्रा, रेहान कादरी नुसरत कुरैशी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी ने हैट्रिक लगाने का मांगा आशीर्वाद



नुक्कड़ सभा के दौरान रेखा वर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते नागरिक।

**हरगांव, अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा ने मंगलवार को विधानसभा के गुरुधपा, रौना, मदनापुर, अख्तियारपुर, रीछिन, बरियाडीह, चांदपुर, कटियारा, क्योंटी खुर्द, परसेहरा शरीफपुर सहित लगभग एक दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभाएं कर क्षेत्र के विकास व विकसित भारत के लिए तीसरी बार विजयी बनाने के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि नुक्कड़ सभाओं में उमड़ी यह भीड़ विपक्षियों के हौसले पस्त कर देगी। क्षेत्रीय विधायक कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा इस बार यहां से भाजपा प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित है।

# कार्यकर्ता बूथों पर मन लगा कर पार्टी के काम में जुटें : राजेश

**कमलापुर, अमृत विचार।** ब्लाक कसमंडा की ग्राम पंचायत नेवादा के सुप्रसिद्ध प्राचीन मारुति नन्दन आश्रम पर मंगलवार को ब्लाक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पहुंचे सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, विधायक बिसवा निर्मल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सर्वप्रथम हनुमान जी के मंदिर मे दर्शन पूजन किया।

मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता संकल्प लेकर अपने-अपने बूथों पर मन लगाकर पार्टी के काम में जुट जाएं। उन्होंने सांसद प्रत्याशी राजेश वर्मा को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यहां पर कार्यकर्ता इतिहास बदल देंगे। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि आमतौर पर कार्यकर्ता सभी लोगों के मान-सम्मान की चिंता करते है, लेकिन अब हम सभी आपकी चिंता करेंगे। विधानसभा प्रभारी पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी महानंद वर्मा लालता बक्श सिंह मंडल प्रभारी रोहित भारती बंटी भाजपा जिला उपाध्यक्ष करुणाशंकर त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष भाजपा आशा शर्मा, जिला मंत्री किसान मोर्चा रवि तिवारी मंडल मीडिया प्रभारी ऋषि मिश्र सहित भाजपा नेता व सैकड़ो क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



सांसद राजेश वर्मा को राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते भाजपा नेता।

**आयोजन** नगर विकास एवं शहरी आवास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने तैलिक समाज को होलिकोत्सव की दी बधाई

# आपसी प्रेम व भाईचारा बनाए रखें तैलिक समाज के लोग

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** तैलिक समाज का होली मिलन कार्यक्रम आयोजन हर्ष एवं उल्लास के साथ कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रा समृद्धि जायसवाल ने सरस्वती वंदना, अंशिका जयसवाल ने स्वागत गीत तथा सुषमा जयसवाल, पूनम जायसवाल, सीमा जयसवाल ने होली गीत का प्रस्तुतीकरण किया। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों ने लोगों का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर विकास एवं शहरी आवास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने तैलिक समाज के सभी लोगों को होलिकोत्सव की बधाई दी गई व आपसी प्रेम व भाईचारा बनाए रखने संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने अग्रिम वर्षो में समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़कर वृहद स्तर पर कार्यक्रम मनाए जाने का आह्वान किया व आयोजन समिति के सदस्यों व प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। भाजपा जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने होली त्योहार के महात्म के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

वहीं लखीमपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भूपेंद्र जायसवाल मोदी व भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री धर्मेंद्र राठौर ने तैलिक समाज की प्रगति हेतु आवश्यक क्रियाकलापों पर भी चर्चा करते हुए बच्चो की शिक्षा दीक्षा के साथ साथ समाज के कार्यों को अधिक से अधिक किए जाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम को बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष चंद्रभाल गुप्ता, जे.ई.आर.एन. राठौर, अधिवक्ता संदीप गुप्ता ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डी.जे.इंटर कालेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक राधेश्याम गुप्ता ने की।

इस अवसर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के सर्वश्रेष्ठ तीन छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष संतोष जायसवाल व कार्यक्रम समापन पर धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री कुलदीप जायसवाल ने किया। समस्त कार्यक्रमों का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अवधेश कुमार जायसवाल ने किया। तेली साहू सभा के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राठौर, संरक्षक जगदीश जायसवाल, सियाराम, गणेश प्रसाद, सुरती जायसवाल, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम औतार जायसवाल, मुकेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।




तैलिक समाज के होली मिलन में राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व खैराबाद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता। अमृत विचार

# संचारी रोग अभियान के तहत मिला प्रशिक्षण

**मुहिम**
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बैठक के दौरान मरीजों को ढूढ़ने के दिए गए टिप्स

**लहरपुर, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से 30 अप्रैल तक अभियान को चलाया जायेगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान व आगामी 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले दस्तक अभियान को लेकर फ्रंटलाइन वर्कर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की एक बैठक में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि, लक्षण युक्त रोगियों का नाम पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण ई कवच पोर्टल पर डिजिटली अपलोड करेंगे। बुखार के रोगियों की सूची, आई एल आई इन्फ्लूएंजा रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त रोगियों की सूची, कुष्ठ रोग फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षण युक्त रोगियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची सहित फ्रंटलाइन वर्कर सामान्य गतिविधियों के साथ प्रतिदिन कार्य क्षेत्र में मच्छरों के प्रजनन को समाप्त करने के लिए जनमानस को प्रेरित करेंगे। कुष्ठ रोग के बारे में संजय वर्मा द्वारा विस्तार से कुष्ठ रोग के लक्षण निवारण के बारे में जानकारी दी गई व मोहम्मद अकील द्वारा सर्विलांस तथा लाभार्थियों की सूची के बारे में आंगनबाड़ी, आशा को प्रशिक्षित किया गया।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी न्यायिक रेन्ट अथार्टी तथा रेन्ट ट्रिब्युनल महोदय सीतापुर**

**वाद सं0–** D20221064000246/2022
**पेशी–** 10/04/2024

1– श्रीमती फिरोज जहाँ पत्नी स्व0 अकील अहमद, 2– मो0 सिकन्दर, 3– जफर इकबाल, 4– मो0 मुजफ्फर जमाल पुत्रगण स्व0 अकील अहमद, सर्वनिवासीगण मोहल्ला– पक्का बाग शेख सराय सीतापुर, परगना तहसील व जिला सीतापुर **–वादीगण**

**बनाम**

शरीफ अहमद पुत्र स्व0 नजीर अहमद निवासी– मोहल्ला– शेख सरांय पटिया सीतापुर परगना व तहसील व जिला सीतापुर **–विपक्षी**

**(आदेश 5 नियम 10)**

उपरोक्त वाद वादीगण ने विपक्षी के विरुद्ध बावत जमा करने किराया दुकान का वाद अन्तर्गत धारा 14 उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 बावत एक किता दुकान ई–1 स्थिति जिला सीतापुर विरुद्ध वाद संस्थित किया है। आवेदन किया है उसको इस न्यायालय में तारीख 10/4/2024 के दिन में 10 बजे उत्तर देने के लिए अधिवक्ता या व्यक्तिगत द्वारा देने के लिए उक्त उपसंज्ञात होने के लिए समन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर उपरोक्त वाद एकपक्षीय निस्तारित किया जायेगा।

यह आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय सहित जारी किया गया।

**न्यायालय की आज्ञा से**

# एमडीएमः जिम्मेदारों की अनदेखी से छिना नौनिहालों के मुंह से निवाला

## संविलियन विद्यालय करनपुर में तीन माह से नहीं बन रहा एमडीएम, घुनने लगा है प्राथमिक विद्यालय के कमरे में बंद खाद्यान्न

एक्सक्लूसिव

संवाददाता, रजागंज/लखीमपुर खीरी



स्कूल के रसोईं घर में पड़ा ताला।


विद्यालय करनपुर में रखे अनाज मे लग गए घुन।


स्कूल में मौजूद बच्चे और शिक्षिका।



प्राथमिक विद्यालय करनपुर मूर्तिहा।

**अमृत विचारः** करनपुर के संविलियन विद्यालय के बच्चों को गत तीन माह से पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा है। ऐसे में बच्चे भूखे पेट रहकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर हैं। बच्चों को एमडीएम न मिलने की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को है, लेकिन सब आंख मूंदकर बैठे हैं। स्कूल की शिक्षिकाएं इसकी वजह इंचार्ज प्रधानाध्यापक का न होना बताती हैं, जबकि एमडीएम पोर्टल पर एक सीनियर शिक्षिका का नाम अंकित होना बताया जाता है।

सदर ब्लॉक के कस्बा करनपुर में संविलियन विद्यालय स्थित है। इसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे पढ़ते हैं, जिनकी संख्या 312 है। इनमें 171 बालक और 141 बालिकाएं। इन बच्चों को भूखे पेट रहकर स्कूल में पढ़ना पड़ रहा है। इसकी वजह इंचार्ज प्रधानाध्यापक का इस स्कूल का चार्ज छोड़ना और इनके बाद जूनियर शिक्षिकाओं को चार्ज लेने में आनाकानी करना है। सबसे हैरत की बात तो यह है कि इस प्रकरण की जानकारी होने के बावजूद नोडल अध्यापक से लेकर बीएसए तक अंजान बने हैं। बताते हैं कि तीन माह से पोर्टल पर भी एमडीएम की सूचना भी शून्य फीड की जा रही है।

### निर्धारित मेन्यू

| अनाज | प्राथमिक स्कूल | उच्च प्राथमिक स्कूल |
|---|---|---|
| गेंहू व चावल | 100 ग्राम | 150 ग्राम |
| दाल | 20 ग्राम | 30 ग्राम |
| सब्जी | 50 ग्राम | 75 ग्राम |
| घी व तेल | 5.00 एमएल | 7.50 एमएल |
| प्रोटीन | 450 कैलोरी | 700 कैलारी |
| न्यूनत प्रोटीन | 12 ग्राम | 20 ग्राम |

प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत बच्चे- 171
सहायक अध्यापिका- 3
उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत बच्चे- 141
सहायक अध्यापिका- 1
अनुदेशक- 2



तीन दिन तक एमडीएम पोर्टल पर सूचना शून्य होने पर राज्य परियोजना कार्यालय से ही जानकारी मांग ली जाती है। यदि तीन माह से मध्याह्न भोजन नहीं बन रहा है तो यह बेहद गंभीर बात है। इस मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी मिलेगा उस पर कार्रवाई होगी।
**- प्रवीण कुमार तिवारी,** बीएसए।

"विद्यालय में हमसे सीनियर प्रिया त्रिवेदी हैं, इसलिए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका का पद उनका है। इनका नाम भी एमडीएम पोर्टल पर अंकित हैं। **- मोनिका वर्मा,** सहायक अध्यापिका"

"मेरे बेटे की तबीयत बेहद गंभीर है। अक्सर इलाज के लिए उसे ले जाना पड़ता है। इसलिए इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद की जिम्मेदारी निर्वहन नहीं कर सकती हैं। इस संबंध में अफसरों को भी अवगत करा दिया है। पोर्टल पर नाम अंकित होने के बारे में जानकारी नहीं है। **-प्रिया त्रिवेदी, सहायक अध्यापिका**"

### पौष्टिक भोजन मुहैया कराने की मुहिम को लग रहा झटका

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए एमडीएम योजना शुरू की गई, जिससे बच्चों को स्कूल में ताजा बना भोजन मिल सके। इसके लिए शासन ने सोमवार से शनिवार तक का मीनू तैयार कर प्रति बच्चे को दी जाने वाली खाद्य सामग्री का मात्रा निर्धारित की। शासन के तमाम प्रयासों के बावजूद करनपुर स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को भोजन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी नहीं मिला

सोमवार से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है। मगर, अब तक बच्चों को रिपोर्ट कार्ड नसीब नहीं हुआ है। इसके पीछे की वजह भी इंचार्ज प्रधानाध्यपक का न होना है। स्कूल के लोगों ने बताया कि रिपोर्ट कार्ड तैयार हैं, लेकिन उस पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर होने हैं। वह कौन करे। इसलिए वितरण नहीं हुआ। जबकि शासन से 30 मार्च को ही रिपोर्ट कार्ड वितरण करने के आदेश थे।

### इसलिए नहीं बन रहा एमडीएम

स्कूल के लोगों ने बताया कि तीन माह पहले तक इंचार्ज अध्यापक कमलेश दीक्षित रहे। तब तक मध्याह्न भोजन बना है। मगर, उनके इस विद्यालय का चार्ज छोड़ देने के बाद से एमडीएम बनना बंद हो गया। एक शिक्षिका ने बताया कि स्कूल में खाद्यान्न मौजूद है, लेकिन इंचार्ज प्रधानाध्यापक न होने की वजह से एमडीएम नहीं बन रहा। हालांकि पोर्टल पर इंचार्ज के रूप में सीनियर सहायक अध्यापिका प्रिया त्रिवेदी का नाम दर्ज है। इसके बावजूद भोजन न बनने से बच्चे भूखे रहने के लिए मजबूर हैं।

# ई-रिक्शा में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, मौके पर बालिका की मौत

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पांच घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


लखीमपुर रोड पर ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त ई -रिक्शा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नेशनल हाईवे 730 गोला लखीमपुर रोड़ पर सोमवार की सुबह ग्राम कुनैठिया के पास ट्रक ने गोला जा रहे ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नौ साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

नेशनल हाइवे पर दोपहर पौने 11 बजे एक ई-रिक्शा सवारी बैठाकर गोला की ओर आ रहा था। ग्राम कुनैठिया के समीप लखीमपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरने से बच्ची शालू (9) पुत्री नीरज भारती निवासी सिकन्द्राबाद की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घटना से लोगों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी भेजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नीरज भारती (30) पुत्र रामआसरे,. पिंकी (28) पत्नी नीरज भारती निवासी सिकंदराबाद थाना नीमगांव, सोनम देवी (22) पत्नी कमलजीत, मालती (35) पत्नी सुधीर, आकांक्षा (10) पुत्री सुधीर निवासी ग्राम तुसौरा की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। साथ ही ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है।

### हादसे में युवक घायल

**संवाददाता, अलीगंज, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र में गोला रोड पर पैदल आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। अलीगंज जाने वाले मार्ग पर सुरेंद्र कुमार (35) निवासी सराय रमुवापुर पैदल आ रहा था। बताया जाता है कि गुरुद्वारे के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सुरेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे अलीगंज चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पाठक ने 108 एम्बुलेंस से गोला सीएचसी भिजवाया है, जहां हालत खतरे के बाहर बताई गई है। चौकी पुलिस के अनुसार शराब के नशे में सुरेंद्र कुमार धुत था। परिवार वालों का अनुमान है कि सुरेंद्र ने सांसिया कालोनी में कच्ची शराब पी होगी।

### शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद, दो गिरफ्तार

**संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी) अमृत विचार :** पुलिस ने गांव पिपरिया कप्तान के निकट एक खेत के पास बनी खर फूस की मढैया में छापा मारकर अवैध असलहे बनाते समय दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में बने-अधबने असलहा, असलहा बनाने के उपकरण और कारतूस बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांव पिपरिया कप्तान के निकट गेहूं के खेत में पड़ी झोपड़ी में असलहे बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने गांव पिपरिया कप्तान निवासी जितेंद्र और पल्हनापुर निवासी रूपराम को गिरफ्तार किया है। मौके से एक पौनिया 315 बोर, एक तमंचा 315 बोर, एक राइफल देशी 315 बोर अर्द्धनिर्मित पुरानी, एक तमंचा पुराना 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर पुराना व आठ जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक कारतूस बुलट 315 बोर, तीन खोखा कारतूस 12 बोर, एक ड्रिल मशीन तीन निडिल, दो लकडी की मुठिया समेत बड़ी संख्या में बनाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# साखू की लकड़ी मामले में भागा आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

- पांच दिन पहले बेलरायां चौकी पुलिस ने पकड़ी थी लकड़ी से लदी पिकअप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** दुधवा जंगल से काटकर लाई गई साखू की लकड़ी से भरी पिकअप पकड़े जाने के मामले में मौके से भाग निकले पिकअप मालिक को कोतवाली तिकुनिया की बेलरायां चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

सीओ निघासन प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार ने मुखबिर की सूचना पर कुशाही के एक घर पर छापा मारा था। पुलिस ने घर के बाहर खड़ी पिकअप को कब्जे में तलाशी ली तो उसमें दुधवा जंगल से काटकर लाई गई बेशकीमती साखू के बोटे बरामद हुए थे। पुलिस ने थाना सिंगाही के गांव मोतीपुर निवासी रमन कुमार और बेलरायां पुलिस चौकी के गांव तकिया पुरवा निवासी रेहान को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पिकअप मालिक और एक अन्य आरोपी मौके से भाग निकला था। मंगलवार को पुलिस ने पिकअप मालिक कुशाही निवासी शफीक को गोशाला बेलरायां के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ है।

### निघासन के गैंगस्टर की कार पुलिस ने की जब्त

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली तिकुनिया और पढ़ुआ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना निघासन के गांव सोठियाना निवासी गैंगस्टर के एक आरोपी की अर्टिगा कार जब्त की है। सीओ निघासन प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत अपराध से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क कर जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को कोतवाली तिकुनिया और थाना पढ़ुआ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए डीएम के आदेश पर थाना निघासन के गैंगस्टर फारूक पुत्र फजल करीम निवासी सोठियाना मजरा दुलही की एक अर्टिगा कार को जब्त किया गया है।

### एक किलोग्राम चरस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली तिकुनिया पुलिस ने थाना पढ़ुआ के गांव मझरा पूरब निवासी परमजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गांव खैरटिया के निकट स्थित राधा स्वामी सत्संग चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक किलो 102 ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

# शाहगढ़-पीलीभीत रेलखंडः सीआरएस ने 110 किमी गति की दी मंजूरी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** रेल संरक्षा आयुक्त ने मैलानी पीलीभीत रूट पर शाहगढ़ पीलीभीत रेलखंड पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन संचालन की अनुमति दी है। इसका लेटर भी सोशल मीडिया पर वायरल है। वहीं विभागीय लोगों में ऐशबाग से पीलीभीत तक ट्रेन संचालन शुरू होन की सुगबुगाहट प्रारंभ हो गई है। सूत्र बताते हैं कि शुरुआत में तीन एक्सप्रेस, दो मेमू और एक पैसेंजर ट्रेन का संचालन पीलीभीत करने की योजना है। इंतजार सिर्फ रेलवे बोर्ड के आदेश है। सीआरएस प्रणजीव सक्सेना ने 30 और 31 मार्च को शाहगढ़ से पीलीभीत तक ब्रॉडगेज के साथ विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था आरवीएनएल द्वारा कराए गए कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सीआरएस स्पेशल दौड़ाकर ब्रॉडगेज की गुणवत्ता परखी। सब कुछ ओके मिलने पर सीआरएस ने इस रेलखंड पर अधिकतम स्पीड 110 किलोमीटर से ट्रेन संचालन करने की स्वीकृत देकर रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेज दी है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि अब सिर्फ रेलवे बोर्ड से अनुमति मिलनी शेष है। हालांकि लखनऊ एवं इज्जतनगर मंडल के लोगों में ट्रेन संचालन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। अंदरखाने विभागीय तैयारियों को देखकर दस से 15 दिन में ऐशबाग से पीलीभीत तक लोगों को ट्रेन से सफर करने की सौगात मिल सकती है। रेलवे के लोग बताते हैं कि पीलीभीत तक मैलानी गोरखपुर के अलावा दो अन्य एक्सप्रेस चलाई जा सकती है। इनमें साप्ताहिक भी हो सकती है। इसके अलावा एक पैसेंजर सहित दो मेमू को भी पीलीभीत तक चलाए जाने की संभावना है।

# निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली

- संविलियन विद्यालय मोहिउद्दीनपुर में निकाली रैली

संवाददाता, पसगवां (लखीमपुर खीरी)


पुस्तकें पाकर खुश बच्चों के साथ शिक्षक और बीईओ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पसगवां के संविलियन विद्यालय मोहिउद्दीनपुर में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। साथ ही नामांकन मेला का शुभारंभ और नए सत्र की पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भारती ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इंचार्ज अध्यापक अवधेश कुमार सिंह और सहायक अध्यापक सपना सिंह ने स्वनिर्मित टीएलएम का प्रयोग कर बताया। उन्होंने कहा कि इसके प्रयोग व बच्चों पर इसका उपयोग बहुत उपयोगी होता है और अधिगम प्रक्रिया सरल हो जाती है। खंड शिक्षा अधिकारी ने इसकी काफी सराहना की। उन्होंने बच्चों को नये सत्र की पुस्तकों का वितरण भी किया। इससे पहले स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई जिसमें बच्चे फ्लेक्स और स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर नारे लगाते हुए चले। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने किया। प्राथमिक शिक्षक के जिला मंत्री विश्वास कुमार सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी महोदय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ विनीत गुप्ता, संदीप कुमार, विकास मिश्रा, पुष्पा देवी, मीना सिंह, राकेश कुमार सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सांड़ के हमले से किसान की मौत


सर्वेश (फाइल फोटो)

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पसगवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पांडेयवारी में सांड़ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। यह इस गांव में दूसरी मौत है। दो वर्ष पहले भी एक किसान सांड़ के हमले में दम तोड़ चुका है। गांव पांडेयवारी निवासी सर्वेश कुमार (50) पुत्र भग्गालाल रैदास गांव के पश्चिम खेत में काम कर रहा था। मंगलवार की दोपहर करीब ढाई बजे वह खेत में घुसे सांड़ को भगाने चला गया। खेत से खदेड़ते समय सांड़ ने सर्वेश कुमार को दौड़ा लिया और हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे और किसी तरह से उसे बचाया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोग घायल सर्वेश को लेकर सीएचसी पसगवां पहुंचे, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पत्नी के अलावा एक पुत्री और तीन पुत्र हैं। सभी का रो-रोकर हाल बेहाल है। इसी गांव के आत्माराम की दो वर्ष पहले सांड़ के हमले में मौत हो चुकी है।

### टीचर्स प्रीमियम लीग की हुई शुरूआत


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते खंड शिक्षा अधिकारी।

**संवाददाता मितौली, अमृत विचार :** कस्बे की नवीन तहसील के निकट मैदान में टीचर्स प्रीमियम लीग टीपीएल का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ने की। इस लीग में ब्लॉक की कुल पांच टीमें प्रतिभाग करेंगी। उद्घाटन के बाद खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन मैच भीखमपुर ने पैंतीस रनों से जीता। मंगलवार को खेले गए टीपीएल का उद्घाटन मैच बबौना सुपर किंग्स व भीखमपुर लायंस के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बबौना सुपर किंग्स ने क्षेत्र रक्षर का फैसला लिया। भीखमपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 143 रन बनाए। जवाब में उतरी बबौना सुपर किंग्स ने 143 रन के स्कोर के जवाब में 10 ओवर में 108 रन ही बना पाए। मैन ऑफ द मैच गौरव सिंह रहे। कमेंट्री सुशील कुमार ने की। इस दौरान जमाल अहमद, सलीम अहमद, संतोष कुमार, मुनेश कुमार, होमेश्वर पांडेय, विनय पांडेय, सुधीर कुमार, परमानंद यादव, सवित मिश्र, अरविंद मिश्र आदि रहे।

### सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन


राष्ट्र सेविका समिति के पथ संचलन में शामिल झांकी

**कार्यालय संवाददाता,** लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : राष्ट्र सेविका समिति सीतापुर विभाग की ओर से आयोजित प्रारंभिक प्राथमिक शिक्षा वर्ग का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान राष्ट्र सेविकाओं ने शहर पथ संचलन किया। इसका फूलों से स्वागत किया गया। इसमें शामिल सेविकाओं ने भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प लिया। प्रांत कारवायिका यशोधरा एवं बौद्धिक विभाग प्रमुख डॉ. पारुल त्रिवेदी ने इसका शुभारंभ 28 मार्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में मां भारती का पूजन कर किया था। यशोधरा ने कहा कि हम सब भारत माता की संतान हैं और हम सबको अपनी भारत माता के लिए तन मन धन से कार्य करना चाहिए। भारत में रहना वाला प्रत्येक व्यक्ति और महिला आपस में भाई बहन हैं। जिला संपर्क प्रमुख रुचि ऋतुराज ने कहा कि सात दिन निरंतर प्रातः काल चार बजे से रात दस बजे तक एक निश्चित व्यवस्थित दिनचर्या के साथ 70 स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। बहनों ने स्वयं गणवेश लेकर सात दिन तक योगासन, दंड नियुद्ध, शारीरिक, बौद्धिक घोष के वाद्य यंत्रों का अभ्यास किया। इसमें राष्ट्र सेविका समिति के क्षेत्रीय अधिकारियों ने इनका मार्गदर्शन किया। विनीता त्रिपाठी, जिला प्रचारक अविनाश, जिला कारवां संजीव, स्वदेशी जागरण मंच के सहसंयोजक रामू आदि मौजूद रहे।

# बसही स्कूल में हुआ मेधावी छात्र अलंकरण समारोह

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी) अमृत विचार :** एमएस मॉडर्न पब्लिक स्कूल बसही में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में प्रबंधक प्रहलाद सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुए मेधावी छात्र अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी सिद्धार्थ शुक्ला ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों अदिति वर्मा, नेहा सिंह, आकांक्षा वर्मा, गौरव सिंह, अविका शुक्ला, बरखा, कोमल सिंह, अभिनव, रूद्र प्रताप सिंह को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शुक्ला ने विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विषयों पर गहन एवं विस्तृत चर्चा भी की। प्रधानाचार्य संजीव कुमार दीक्षित ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में कोषाध्यक्ष सुनील सिंह चौहान, राकेश शुक्ला, शिक्षक दीनदयाल वर्मा, नायब सिंह, आदेश त्रिवेदी, मुस्कान शर्मा, शिवांगी मिश्रा, चांदनी शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, अनुप्रिया आदि मौजूद रहे।


बसही पब्लिक स्कूल में पुरस्कृत विद्यार्थी। अमृत विचार

# सांसद के रिश्तेदार समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

- दरोगा की पत्नी की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट समेत धाराओं में मुकदमा दर्ज
- दरोगा पर पहले सांसद की भतीजी ने दर्ज कराया था केस
- कोतवाली में विधायक के धरने पर बैठने का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी और दरोगा के बीच हुई मारपीट मामले में पुलिस ने अब दरोगा की पत्नी की तरफ से सांसद की भतीजी के पति और सात अज्ञात के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और उसकी 11 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्र शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली पड़ोसी जनपद के भाजपा सांसद की भतीजे के मकान में किराए पर रहते थे। तीन दिन पहले दोनों के बीच विवाद के बाद मारपीट हुई। इसके बाद सांसद की भतीजी भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव के साथ कोतवाली पहुंचीं थीं। आरोप था कि दरोगा अभय मिश्रा शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने उनके साथ मारपीट की। दुपट्टा खींचा और कपड़े फाड़ दिए। कार्रवाई को लेकर सदर विधायक कोतवाली में ही धरने पर बैठ गए थे। पुलिस ने सांसद की भतीजी की तहरीर पर आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। अब दरोगा की एसआई पत्नी की तहरीर पर सांसद की भतीजी के पति समेत सात अज्ञात लोगों पर मारपीट करने और 11 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने पर पाक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रकरण की जांच राजापुर चौकी इंचार्ज संचित यादव को सौंपी गई है।

"दरोगा पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच चौकी इंचार्ज राजापुर को दी गई है। जांच में जो सही पाया जाएगा। उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।
**-पवन गौतम, एएसपी खीरी।**"

आफत | हवा के दौरान किसान फसल में सिंचाई करें तो मुश्किल, न करें तो नुकसान

# पछुआ हवा चलने से सूख गई गेहूं की फसल

संवाददाता, मूड़ा सवारान (लखीमपुर खीरी)


खेतों में सूखी खड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पकड़ चुकी पछुआ हवा खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल पर आफत बनकर टूट पड़ी। खेतों में पकने की कगार पर खड़ी गेहूं की फसल पछुआ हवा चलने के कारण अचानक सूख गई। सबसे अधिक परेशानी पिछैती गेहूं वाले किसानों को हुई है। गेहूं की बालियों में दाने भरपूर मात्रा में ग्रोथ भी नहीं कर पाए थे लेकिन पछुआ हवा ने उसे भी सुखा कर रख दिया।

हवा के दौरान किसान फसल में सिंचाई करें तो मुश्किल, न करें तो नुकसान। यह दुविधा उनके लिए गले की फांस बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि हवा ज्यादा दिन तक चली तो स्थिति अधिक गंभीर हो जाएंगी। मंगलवार को तेज पछुआ हवा चली। गेहूं की फसल इस स्टेज पर है कि इसमें सिंचाई करनी लाजिमी है। क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर रकबे में गेहूं की खेती हुई है। किसानों के सामने दिक्कत यह है कि यदि सिंचाई करते हैं तो निकल चुकी गेहूं की फसल की जड़ हवा में हिल सकती है। जड़ हिलने पर गेहूं का दाना पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएगा।

किसानों के सामने दूसरी समस्या यह है कि यदि सिंचाई करने से परहेज करें तो जमीन में नमी नहीं होगी। यदि नमी नहीं होगी तो फिर फसल में गेहूं के दाने पूरे विकास नहीं हो पाएंगे। यहीं नहीं पछुआ हवा गेहूं के दाने में बने दूध को सूखा देगा। किसानों की माने तो अगेती हो या पछेती सभी गेहूं को पछुआ हवा ने एकदम सुखा दिया है।

# राशन देकर जनता से सभी अधिकार छीन रही भाजपा : अखिलेश यादव

## ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग से वसूली करा रही केंद्र सरकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मुफ्त राशन देकर भाजपा सरकार जनता के सभी अधिकार छीन रही है। ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग के जरिए सरकार वसूली करा रही है। इसके अलावा चुनावी चंदे के नाम पर भाजपा ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ रुपये की वसूली की है।

**सत्ताधारी दल ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ का चंदा वसूला**



मंगलवार को दोपहर सपा के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की सरकार के 10 और उत्तर प्रदेश के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, लेकिन कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। जो विकास कार्य होने चाहिए थे, लेकिन हुए। उन्होंने कहा कि 10 साल में केंद्र सरकार के इतने झूठ हैं कि गिना नहीं पाऊंगा। सपा मुखिया ने यह भी कहा कि ऐसी वसूली कभी नहीं देखी गई जो वर्तमान में पुलिस ने की है। भाजपा के लोग अंग्रेजी में जीरो टॉलरेंस इसलिए बोलते हैं कि गरीब लोग इसका मतलब न समझ सकें।

उन्होंने मंच से सवाल दागे कि बुलंदशहर में डबल मर्डर, गाड़ी पलट जाने के बाद हत्या करना, जेल में जहर देना, तालग्राम में दंगे की साजिश व सपाइयों को फंसाना, क्या यही जीरो टॉलरेंस नीति है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले तक विकसित भारत... कार्यक्रम के लिए शायद ही कोई ऐसा प्रधान बचा हो, जिससे 20-30 हजार रुपये न लिया गया हो। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के नाम पर की गई वसूली की वजह से महंगाई बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि ज्यादा मुनाफा लेना भी भ्रष्टाचार है। केंद्र सरकार डरा-धमकाकर रुपया वसूल रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजने का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलश यादव ने कहा कि इन कामों से दिल्ली में भाजपा की थू-थू हो रही है। महंगाई व बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए ही केजरीवाल का प्रकरण आगे कर दिया गया।

## एसएसबी बटालियन के साथ तहसीलदार ने किया फ्लैग मार्च

**हलिया (मिर्जापुर)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को निर्भीक होकर मतदान के लिए मंगलवार की देर शाम तहसीलदार लालगंज आशीष कुमार पांडेय 43 एसएसबी बटालियन के पीसी हरेंद्र पवार व जवानों के साथ गुर्गी, बैधा, पिपरा, फुलियारी गांव में पैदल रुट मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराते हुए लोक सभा चुनाव में निर्भीक होकर बिना किसी डर व दबाव के मद्देनजर करने का भरोसा दिलाया है। इस संबंध में तहसीलदार लालगंज आशीष कुमार पांडेय ने बताया कि निर्भीक होकर मतदान के लिए लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास एसएसबी बटालियन के जवानों के साथ पैदल रुट मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया गया है जिससे लोकसभा चुनाव का मतदान सकुशल संपन्न कराया जा सके।इस दौरान थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह, एसआई अजय कुमार मिश्र, लेखपाल विनय यादव, मधुकर आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम के पर्चियों की गिनती पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश स्वागत योग्य

लालगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम की पर्चियों की भी गिनती को लेकर अपना बयान जारी किया। कहा कि यह महत्वपूर्ण निर्देश स्वागत योग्य है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लोकसभा के चुनाव में मतदान के बाद वोटों की गिनती के दौरान ईवीएम के साथ वीवीपैट पर्चियों की भी गिनती के लिए दायर याचिका को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब तलब करना लोकतंत्र के लिए शुभ लक्षण है।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में हर मतदाता को यह संवैधानिक अधिकार है कि उसका मत सुरक्षित रहे। सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से अब यह सुनिश्चित होने की आस जागी है कि मतदाता अपना वोट किसी को दे तथा गिना किसी के लिए जाय ऐसी स्थिति नियंत्रित हो सकेगी।



राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की डबल बेंच द्वारा एक सामाजिक कार्यकर्ता की याचिका पर आयोग तथा सरकार को नोटिस जारी कर ईवीएम के मुद्दे पर सम्पूर्ण विपक्ष के उठाए जा रहे सवाल को भी बल मिला है। उन्होंने कहा कि ईवीएम में जनता का विश्वास बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान कराया जाना चाहिए।

कोर्ट की नोटिस को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए यह भी मांग किया कि इसकी सार्थकता के लिए चुनाव शुरू होने से पहले ही इस महत्वपूर्ण याचिका पर निर्णय भी आना चाहिए। वहीं प्रमोद तिवारी ने दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी द्वारा किये गये इस खुलासे को गम्भीर बताया, जिसमें मंत्री ने भाजपा पर स्वयं व आप के चार नेताओं को भाजपा में शामिल होने का अनुचित दबाव बनाए जाने का खुलासा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### शिकायत के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में आयकर विभाग द्वारा एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका टोल फ्री नम्बर 1800 -180 -7540 तथा वाट्सएप नम्बर 6388736373 है। जिस पर निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य के लिये प्रयुक्त नकदी, काले धन सम्बन्धी शिकायत की जा सकती है। इसके अतिरिक्त 0522-2233306 पर भी शिकायत और सूचना दी जा सकती है।

### पुलिस ने तमंचा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार।** उदयपुर पुलिस ने मंगलवार को न तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से तमंचे और कारतूस भी बरामद किया। उदयपुर थानाध्यक्ष राधेबाबू मयफोर्स गश्त पर थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुरैशी का पुरवा में तमंचा फैक्ट्री संचालित हो रही है। पुलिस ने वहां धावा बोला तो गांव का कल्लन उर्फ साबिर पुत्र जुम्मन मिला। उसके पास से तीन तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, कारतूस के खोखे व एक अर्धनिर्मित तमंचा बरामद हुआ। उसके घर से असलहा बनाने के उपकरण हथौड़ी, आरी, प्लास, ड्रिल मशीन, नट आदि भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गए आरोपी कल्लन के खिलाफ इसके पहले भी थाने में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। गंभीर आपराधिक मुकदमों को लेकर उसके खिलाफ गैंगेस्टर की भी कार्रवाई की गयी है। उदयपुर पुलिस की सफलता पर सीओ राम सूरत सोनकर ने पुलिस टीम की सराहना की।

### करंट से बच्ची की मौत, जेई व ठेकेदार पर केस दर्ज

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार।** मुआर अधारगंज गांव में सोमवार को सुबह खेलते समय बिजली के पोल में लगे स्टे तार में उतरे करंट की चपेट मे आने से चार वर्षीय बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने बिजली विभाग के जेई व ठेकेदार पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को पिता के आने के बाद मृत बच्ची के शव को सई नदी के किनारे दफनाया गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के मुआर अधारगंज गांव निवासी विनोद कुमार पटेल की चार वर्षीय पुत्री आयुषी सोमवार को घर से कुछ दूर स्थित शहतूत के पेड़ के नीचे खेल रही थी। जहां पर विद्युत पोल में लगे स्टे तार में पहले से ही करंट उतरा हुआ था।जिसकी चपेट में आने से चार वर्षीय बच्ची आयुषी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। जिससे घर पर कोहराम मच गया था।सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, देर शाम शव घर पहुंचा। मृत आयुषी के पिता विनोद कुमार मुंबई से मंगलवार को दोपहर मे पहुंचे तो उसके बाद शव को सई नदी के किनारे दफन किया गया। आयुषी के चाचा बिन्द्रेश पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर जेई विनय जायसवाल व ठेकेदार की लापरवाही से मौत का आरोप लगाया। जेई व ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। एसओ रानीगंज आदित्य सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### लायन्स क्लब क्षितिज ने जमकर खुशियां मनाई

**जौनपुर।** लायन्स क्लब क्षितिज होली मिलन समारोह पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित एक लान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राधा कृष्णा संग होली, ग़ज़ल, गीत संगीत कार्यक्रम भी हुआ जिसमें गीत-कविता और गजल के साथ लोकगीत का सामंजस्य बेहद मनभावन रहा। कार्यक्रम में जहां शंकर पार्वती वह राधा कृष्णा संग बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति और फूलो की होली ने लोगों का मन मोह लिया तथा मंच से उतरकर दर्शक दीर्घा में लोगों के बीच होली गीत गाते हुए अन्य लोगों को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया, जिसने कार्यक्रम में जान डालने का काम किया। वही विशिष्ट अतिथि लायन डॉ क्षितिज शर्मा की मखमली आवाज के गीत को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गयें और लोगों ने खूब तालियां बजाई। इसके पूर्व संस्थाध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ व किरण सेठ ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष विनय बारोटिया संयोजक डॉ सतीश मौर्य और श्याम अभिषेक गुप्ता शम्मी जी व दीपशिखा चौरसिया ने अतिथियों को हर्बल अबीर का तिलक लगाकर व गुलाब की पंखुड़िया डालकर सम्मान किया।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



**सीखड़ (मिर्जापुर)।** सीखड़ क्षेत्र के मगरहा स्थित स्मृति सभागार में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह रहे। समारोह में उपस्थित भाजपा कार्य करताओ ने विधायक को अबीर गुलाल लगा कर होली कि बधाई दिये वही मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अबीर गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाए दी।विधायक ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाई चारा, और सौहार्द का त्यौहार है आपस के गिले शिकवे भूलकर इसे मिल जुलकर मनाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय ने किया।

### किसानों को केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए करेंगे प्रेरित

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोठी धौकल सिंह के निबावल के मंदिर परिसर में जिला खाद्य अधिकारी धनंजय सिंह बुधवार को किसान चौपाल लगाकर किसानों से शासन द्वारा निर्धारित किए गए गेहूं खरीद केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करेंगे।शासन द्वारा गेहूं खरीद करने के लिए मुल्य निर्धारित किया गया है गेहूं बेचने पर किसानों के खाते में आनलाइन भुगतान किया जायेगा इसलिए किसान गेहूं बेचने के लिए गेहूं खरीद केंद्र पर पहुंचे जिससे उनके फसल का उचित मूल्य मिल सके। इस बात की जानकारी गेहूं खरीद केंद्र हलिया केंद्र प्रभारी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी नारायण जी दूबे ने बताया कि निबावल गांव के मंदिर परिसर में जिला खाद्य अधिकारी द्वारा किसान चौपाल लगाकर किसानों को गेहूं केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करेंगे।

### ट्रैक्टर पलटनें से दो सगी बहनों की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव स्थित जोगीबीर बंधी पर मंगलवार की दोपहर चढ़ाई चढ़ते समय ट्रैक्टर पलटनें से ट्रैक्टर पर बैठी दो सगी बहनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर चालक व एक अबोध बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। मौके पर पंहुची पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई है।

# दुष्कर्म के आरोपी किशोर को 20 वर्ष की जेल, अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट आलोक द्विवेदी ने नाबालिग के अपहरण तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी पातें हुए बाल अपचारी थाना हथिगवां को 20 वर्ष की कारावास व 35 हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके मानसिक आघात, चिकित्सीय आघात एवं पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगी।

वादिनी के अनुसार उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष को 11 दिसंबर 2020 की रात 11 बजे उसी के गांव का किशोर अपचारी बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। वादिनी ने जब उसके पिता से कहा तो उसने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने न्यायालय में बताया कि 11 दिसंबर 2020 की रात 11 बजे मैं घर के पीछे बरसाती लेने गई थी, वहां पर अभियुक्त बाल अपचारी ने आकर मेरा हांथ पकड़ लिया और कहां चलो हम तुम्हारे साथ शादी करेंगे मैंने मना किया। लेकिन वह नहीं माना। वह दबाव बनाकर मुझे अपने साथ ले गया और मेरे साथ उसने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। इसी मामले में न्यायालय ने रामनाथ थाना हथिगवां को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए 3 वर्ष की कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने किया।

## विद्युत शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव में मंगलवार की दोपहर भूसा लदी पिकअप वाहन 33 हजार केवी विद्युत तार में छू जाने से हुए विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से चार किसानों की करीब तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई गेहूं की ओर से लपटा उठता देखकर ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए दौड़े लेकिन आग पर काबू पाते तब तक गेहूं जलकर राख हो चुका था पीड़ित किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। रामपुर नौडिहवा गांव में भूसा लादकर आ रहे पिकअप वाहन 33 हजार केवी विद्युत तार में छू जाने से हुई शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से रामपुर नौडिहवा गांव निवासी रमाशंकर का एक बीघाविश्वनाथ, मुरली, नागेश्वर, छोटई का दस दस बीश्वा गेहूं की फसल जो पककर तैयार हो गई थी शार्ट सर्किट की चपेट में आकर जलकर राख हो गई।

# डीएम ने प्रिन्टिंग प्रेस के मुद्रकों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में प्रकाशक/मुद्रक, प्रिन्टिंग प्रेस संचालकों की बैठक की गयी। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रिन्टिंग प्रेस के मुद्रको को निर्वाचन पैम्फलेटों, पोस्टरों, स्टीकरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के उपबन्धों के दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नही करेगा।

मुद्रित या प्रकाशित नही करवायेगा। जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। साथ ही कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नही करेगा या मुद्रित नही करवायेगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो, द्वारा सत्यापित न किया गया हो तथा जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट में मुद्रक को न दिया गया हो, जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के बाद उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति जिले के जिला मजिस्ट्रेट को जहां यह मुद्रित हुई है न भेजी गयी हो।

जो उक्त उपधाराओं के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करता है उसे 6 महीने तक कारावास अथवा जुर्माना जिसे 02 हजार रूपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनो से दण्डनीय होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता, अपर सांख्यिकीय अधिकारी/मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी सेल प्रभारी शक्ति पाल सिंह व प्रिन्टिंग प्रेस के मुद्रक उपस्थित रहे।

# देश में इंडी गठबंधन के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा: गिरीश चंद्र

**संवाददाता, जौनपुर।** प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने मंगलवार को नगर के एक होटल मे आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि, पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है, यूपी में एकतरफ़ा लहर है। प्रथम चरण का नामांकन ख़त्म हो चुका है, दूसरे चरण का नामांकन चल रहा है, पूरे प्रदेश में माहौल भगवामय, भाजपामय और मोदीमय है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण के कार्यों के कारण मोदी के प्रति जनता के मन में विश्वसनीयता घर कर गई है। गरीब के जीवन स्तर में सुधार आया है वे ग़रीबी से निकल रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में इस बार 400 पार का आँकड़ा बीजेपी अवश्य पार करेगी क्योंकि अबकी बार जनता फिर से मोदी को चुनने का मन बना चुकी है उन्होंने आगे कहा कि इंडी गठबंधन गुमराह कर रहा है। हमने देखा कि भ्रष्टाचारी किस घमंड से अपने भ्रष्टाचार को जस्टिफाई कर रहे हैं।

पीएम नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ मगर इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचारी को बचाओ। इंडी गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर चाहे कितने भी हमले कर लें, प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है, और मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहें हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिसने देश को लूटा है, उसे तो लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। ये घोटालेबाजों की बारात है जहां सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर चर्चा न हो।

## पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए मत प्रतिशत बढ़ाएगी,: कृपाशंकर सिंह

**जौनपुर।** आज लोकसभा जौनपुर का विधानसभा मल्हनी के मंडल बैजारामपुर में आयोजित मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता परिचय बैठक मण्डल अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा मतदान में पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए मत प्रतिशत को बड़े पैमाने पर बढ़ाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास है एवं प्रधानमंत्री ने भी जनता को विकास की गारंटी दी है जो की जनता के बीच विश्वास के भाव को दर्शाती है।

# डबल इंजन की सरकार के काम से जनता खुश : नंदगोपाल

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरंतर अथक परिश्रम करके अपने मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास बनाए रखते हुए देश-प्रदेश में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया। जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता का दिल जीता।

अब हम सबका प्रयास होना चाहिए कि पिछले चुनाव में भाजपा को मिले मतों में 370 से अधिक मतों को बढ़ाने का प्रयास कर ऐतिहासिक रूप से भाजपा का कमल खिलायें और प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर देने व दिलाने का प्रयास हम सभी बूथ के कार्यकर्ताओं का होना चाहिए। इसी क्रम मे उत्तरी मंडल के बूथ समिति के कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लेकर आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच आया हूं। मोदीजी ने आपसे 100 दिन मांगें थे अब 55 दिन ही शेष बचे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा बूथ के कार्यकर्ताओं में हनुमान जैसी शक्ति है। अब पुनः स्मरण करके संगठन के कार्य को पूरा करते हुए चार सौ पार के लक्ष्य को साकार करना है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग नकदी सहित गृहस्थी का समान राख

हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छतरिहा गांव में सोमवार की देर रात्रि में कच्चे मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से कच्चे मकान में रखा गृहस्थी का सामान व खाद्यान्न सामग्री व करीब अस्सी हजार रुपए नकद जलकर राख हो गया।

घर के अंदर शोर रहे लोगों को आग के लपटे लगने से घर के बाहर निकाल कर शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद कच्चे मकान में लगी आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सामान जलकर राख हो चुका था। हलिया थाना क्षेत्र के महुगढ गांव निवासी इसराइल अपने परिवार के सदस्यों के साथ सोमवार को घर में खाना खाने के बाद कुछ सदस्य घर के अंदर तो कुछ लोग घर के बाहर सो रहे थे कि देर रात में कच्चे मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाते घर में रखा गृहस्थी का समान चारपाई, कपड़ा, रजाई, गद्दी व खाद्यान्न सामग्री चावल, गेहूं दाल व अस्सी हजार रुपए जलकर राख हो गया।

## थाना परिसर में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद किया काबू

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार।** शार्ट सर्किट से फतनपुर थाना परिसर में आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गई। जिससे वहां पर सूखी लकड़ी व हरे पेड़ चपेट में आ गए। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बिजली के तार से शार्ट सर्किट होने पर थाना परिसर में अचानक आग लग गई। आग ने वहां रखी सूखी लकड़ियों फिर हरे पेड़ो को चपेट में ले लिया। थाने में आये फरियादी, चौकीदार, सिपाही, दरोगा आदि आग बुझाने में जुट गए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया। तब तक सूखी लकड़ियां, हरे पेड़ जल गए। सूचना पर पहुंचे फायरब्रिगेड कर्मियों ने पूर्णत: आग बुझाई।

# जून की गर्मी और बारिश के मौसम में नहीं रुलाएगी बिजली

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** जनपद के कुल 86 ट्रांसफार्मरों की क्षमता होगी। इन ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड है। इससे इस बार जून की गर्मी और बारिश के मौसम में बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी।

शहर में 24 घंटे और गांव में 18 घंटे का विद्युत रोस्टर है, लेकिन गर्मी के मौसम में गांव की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो जाती है। जून की गर्मी और बारिश में ट्रांसफार्मर जवाब देने लगते है। वर्कशाप में डिमांड बढ़ने पर समय से ट्रांसफार्मर की उपलब्धता नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली संकट से जूझना पड़ता है। विद्युत विभाग की टीम ने ऐसे ट्रांसफार्मरों को चिंहित किया तो इसमें सदर में 23 ट्रांसफार्मर, कुंडा के 28, लालगंज में 18, रानीगंज में 17 ट्रांसफार्मर ऐसे मिले, जिन पर लोड अधिक पाया गया। इसकी सूची तैयार क्षमता वृद्धि के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। अधीक्षण अभियंता सत्यपाल ने बताया कि जिन ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवती की मौत, भतीजा घायल

**नैनी, अमृत विचार :** यमुना नगर के मेजा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रैक्टर से कुचलकर युवती की मौत हो गई जबकि इसका भतीजा घायल हो गया। भतीजा को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## होली के बयार में झूमी महिलाएं

**प्रयागराज, अमृत विचार।** होली की मस्ती व रंगों की बयार और मनमोहक नृत्य के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ इलाहबाद ईस्ट ने मंगलवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस के समीप एक होटल में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले की चेयरमैन सुषमा अग्रवाल जी ने दीप प्रज्ज्वलित करने की परंपरा के निर्वहन के साथ ही रंगबिरंगे कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रंगारंग कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी और विशिष्टता की झलक दिखाई। इस मौके पर कैंसर चैरिटी के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। क्लब की तरफ से सामूहिक विवाह में 15 बेडशीट्स का उपहार भी दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में एक बाद एक प्रस्तुति की गयी। जिसमें सभी को उनकी खूबियों को लेकर पुरस्कृत भी किया गया।

# वर्दी चुराकर बन गया पुलिसवाला वाहनों से वसूली करते पकड़ा गया

कौशांबी/प्रयागराज

**अमृत विचार:** कौशांबी जिले में मंगलवार को गजब मामला आया। एक व्यक्ति ने सिपाही की वर्दी उसके कमरे से चोरी कर ली। चोरी करने के बाद युवक इसे पहनकर लोगों पर अपनी धाक जमाने लगा। कुछ देर के बाद स्थानीय लोगों को शक होने लगा। लोगों ने सूचना थाने में दे दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फर्जी सिपाही को दबोच लिया। जिसके बाद फर्जी सिपाही असली पुलिस को देख पसीना पसीना हो गया।

> एक सिपाही ने वर्दी चोरी की तहरीर थाना में दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया था। चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही वह की जा रही है।
>
> -मनोज सिंह रघुवंशी सीओ, चायल

बता दें कि कौशांबी में सिपाही नीलेश कुमार कॉन्स्टेबल पद पर तैनात है। जिसकी तैनाती डायल 112 पर की गयी है।नीलेश मूरतगंज कस्बे के रामेश्वर केसरवानी के मकान में किराए का कमरा लेकर रहता है। वह 30 मार्च को करीब 3 बजे अपनी ड्यूटी से वापस कमरे पर गया। कुछ देर क्व बाद वह बाजार सब्जी लेने बाजार चला गया। उड़ दौरान उसके कमरे रही वर्दी गायब हो गयी। चोरी करने वाला इतना शातिर था की वह वर्दी के साथ जूते, बेल्ट और बैज भी उठा ले गया। उसकी वर्दी, बेल्ट, जूते और बैज भी गायब थे। काफी खोजबीन करने पर भी वर्दी नहीं मिली। सिपाही नीलेश ने संदीपन घाट थाने में इसकी तहरीर दी।

वहीं संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लोहरा नासिर के पास वर्दी पहनकर वाहनों से वसूली करने की जानकारी पर पुलिस ने पहुंच कर फर्जी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रक लूटने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार।** प्रयागराज कमिश्नरेट की शंकरगढ़ पुलिस को मंगलवार बड़ी सफलता मिली है। बीते बुधवार देर रात शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में चालक को बंधक बनाकर ट्रक को लूट लिया गया था, जिसको पुलिस ने बरामद बरामद कर अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफतार लिया। इसके साथ ही प्रतापगढ़ से चोरी हुआ एक ट्रक भी बरामद किया गया।

बुधवार देर रात शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास से चालक को बंधक बनाकर ट्रक को लूट लिया गया था। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की थी। शंकरगढ़ में हुई इस दुस्साहसिक घटना का का खुलासा करने के लिए एक टीम गठित की गई।

(सम्मन वास्ते कारोरदा उसूर तबह तलब)
(आर्डर 4 कायदा 2 व 1)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 पूर्वी महोदय, जिला- हरदोई**
**दीवानीवाद सं0- 661/2023**
**पेशी- 24.04.2024**

(1) राकेश चन्द्र गुप्त उम्र लगभग 58 वर्ष, पुत्र स्व0 विशम्भर नाथ गुप्ता, निवासी- मोहल्ला बड़ी बाजार, गंगारामपुर, कस्बा- पो0 व परगना मल्लावां, तहसील- बिलग्राम जिला- हरदोई (2) श्री ठाकुर जी महाराज विराजमान ठाकुरद्वारा मुसम्मात जसोदावाला- मौजा गंगारामपुर कस्बा, पोस्ट व परगना- मल्लावां तहसील- बिलग्राम जिला- हरदोई ट्रस्टी/सरवराहकार राकेश चन्द्रगुप्त पुत्र स्व0 विशम्भरनाथ गुप्त निवासी- मोहल्ला बड़ी बाजार, गंगारामपुर कस्बा, पोस्ट व परगना- मल्लावां, तहसील- बिलग्राम, जिला- हरदोई।
..... वादीगण

**बनाम**

(1) भानू प्रकाश अस्थाना उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र के0वी0 अस्थाना निवासी- मोहल्ला मकान नं0 23 महात्मा गाँधी मार्ग सिविल लाइन्स पो0 व तहसील व जनपद प्रयागराज (इलाहाबाद), उ0प्र0।
..... प्रतिवादी

हरगाह ने नाबिल बतारिख दायर की गई है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 23 माह 4 सन् 2024 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी के जो मुकदमा के हालात सरकार वक्त वाकिफ किया गया हो और कुछ उजारत बहाल मुतालिफ क मुकदमा का जबाव दे सकेगा लिसके बाद कोई सुनंद हो कि बनाम ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जबावदेही को करें। आपको लाजिम है कि उस राज जुमला दस्तवेज पेश कार आपको लाजिम अपना जवाब देही वक्त तालीम चाहते है। आपको इल्तिजा दी जाती है। अगर आप बरोज बुन्कर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको अहसूस औ फसल होगी बबावत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत ने आज बतारीख माह ... सन् 20 ई0 को जारी किया गया है।

आज्ञा से- न्यायालय

